DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA
PERIODIC ASSESSMENT– I (2023-24)

- Please check that this question paper contains 3 printed pages .
- Check that this question paper contains 06 questions.
- Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.

CLASS-IX

SUBJECT- HINDI

Time Allowed-1 Hr 30Mins **Maximum Marks-40**

सामान्य निर्देश :

- इस प्रश्न पत्र में चार खंड है, क,ख,ग और घ |
- चारों खंडो के उत्तर देना अनिवार्य है |
- यथा संभव प्रत्येक प्रश्नों के उत्तर क्रमशःदीजिए |

(खंड-क) अपठित गद्यांश

Q1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (1X5=5)

कविता का उद्देश्य हमारे हृदय पर प्रभाव डालना होता है, जिससे हमारे भीतर प्रेम, आनंद, हास्य, करुणा, आश्चर्य इत्यादि अनेक भावों में से किसी का संचार हो | जिस पद्य में इस प्रकार प्रभाव डालने की शक्ति न हो, उसे कविता नहीं कह सकते | ऐसा प्रभाव उत्पन्न करने के लिए कविता पहले कुछ रूप और व्यापार हमारे मन में इस ढंग से खड़ा करती है कि हमें यह प्रतीत होने लगता है कि वे हमारे सामने उपस्थित हैं | जिस मानसिक शक्ति से कवि ऐसी वस्तुओं और व्यापारों को उत्पन्न करता है और हम उसे अपने मन में धारण करते हैं, वह कल्पना कहलाती है | इस शक्ति के बिना न तो अच्छी कविता ही हो सकती है, न उसका पूरा आनंद ही लिया जा सकता है | सृष्टि में हम देखते हैं कि भिन्न-भिन्न प्रकार की वस्तुओं को देखकर हमारे मन पर भिन्न-भिन्न प्रकार का प्रभाव पड़ता है | किसी सुन्दर वस्तु को देखकर हम प्रफुल्लित हो जाते हैं, किसी अद्भुत वस्तु या व्यापार को देखकर आश्चर्यमग्न हो जाते हैं, किसी दुख के दारुण दृश्य को देखकर करुणा से आर्द्र हो जाते हैं | यही बात कविता में भी होती है |

I. एक अच्छी कविता की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए |

II. पाठक वर्ग पर कविता के प्रभाव को स्पष्ट कीजिए |

III. कविता का हमारे मन के भावों के साथ क्या संबंध होता है ? स्पष्ट कीजिए |

IV. कल्पना की परिभाषा देते हुए, कविता में काल्पनिकता के महत्व को स्पष्ट कीजिए |

V. कविता का मूल प्रयोजन क्या है ?

(खंड-ख) व्याकरण

Q2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए-

i) निम्नलिखित शब्दों में उचित अनुस्वार वाले शब्द छाँटकर लिखिए - (1)

बंधन, आंवला, चांदनी

ii) 'धुआ' शब्द में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग करें - (1)

iii) निम्नलिखित शब्दों में मूल शब्द व उपसर्ग अलग-अलग करके लिखिए - (1x2=2)

(a) अतिशय
(b) सुयोग्य

Iv) 'अवगुण' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है? (1)

v) निम्नलिखित शब्दों में मूल शब्द व प्रत्यय अलग-अलग करके लिखिए - (1x2=2)

(a) पहनावा

(b) दासता

vi) 'इक' प्रत्यय का प्रयोग करते हुए एक नया शब्द लिखिए - (1)

vii) निम्नलिखित वाक्य में उचित विराम चिह्न लगाइए - (1)

राम की पत्नी दोनों बच्चे और नौकर घूमने गए हैं

viii) निम्नलिखित विराम चिह्न का नाम लिखिए - (1)

' ! '

(खंड-ग) पाठ्य पुस्तक

Q3. A. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर 30-40 शब्दों में दीजिए । (3)

बुढ़िया के दुख को देखकर लेखक को अपने पड़ोस की संभ्रांत महिला की याद क्यों आई?

B. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में लिखिए -

(i) भगवाना अपने परिवार का निर्वाह कैसे करता था ? (1)
(ii) भगवाना की मृत्यु का क्या कारण था ? (1)
(iii) लड़के को बचाने के लिए बुढ़िया माँ ने क्या उपाय किए ? (1)
(iv) बुढ़िया को कोई भी क्यों उधार नहीं दे रहा था ? (1)

Q4. A. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर 30-40 शब्दों में दीजिए। (3)

रैदास के पदों का केंद्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए ।

B. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में लिखिए -

I. रैदास ने अपने स्वामी को किन - किन नामों से पुकारा है? (1)

II. दूसरे पद में कवि ने गरीब निवाजु किसे कहा है? (1)

III. पहले पद में भगवान की तुलना चंदन और बादल से की गई है,तो भक्त की तुलना किससे की गई है? (1)

IV. रैदास के दूसरे पद में किन-किन साधु- संतों का नाम लिया गया है? (1)

Q5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए - (3X2=6)

(i) गिल्लू को मुक्त करने की आवश्यकता क्यों समझी गई और उसके लिए लेखिका ने क्या उपाय किया ?

(ii) गिल्लू पाठ में कौए को एक साथ समादरित और अनादरित प्राणी क्यों कहा गया है ?

(खंड-घ)लेखन

Q6. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए । (5)

(I) व्यायाम:सुख का आधार

संकेत बिंदु

- व्यायाम का अर्थ
- स्वास्थ्य पर प्रभाव
- मानसिक उत्साह

(II) हमारे बुज़ुर्ग:हमारी धरोहर

- बुज़ुर्गों से आशय
- बुज़ुर्गों की वर्तमान स्थिति
- बुज़ुर्गों के प्रति दायित्व

(III) साक्षरता अभियान

- साक्षरता का अर्थ
- साक्षरता का महत्व
- साक्षरता: एक ज़रूरत